भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

आर्थिक कार्य विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 202

(जिसका उत्तर मंगलवार, 15 सितम्बर, 2020/24 भाद्रपद, 1942 (शक) को दिया जाना है।)

विदेशी और घरेलू निवेश

202. सतीश चंद्र दुबे:

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विदेशी और घरेलू निवेश को बढ़ावा देने के लिए क्या- क्या प्रयास किए गए हैं;

(ख) इन प्रयासों के माध्यम से अब तक की उपलब्धियां क्या- क्या हैं; और

(ग) गत तीन वर्ष के दौरान देश में कितना-कितना विदेशी और घरेलू निवेश हुआ है?

उत्तर

वित्त राज्य मंत्री

(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) और (ख): सरकार ने एफडीआई के समक्ष एक उदार और पारदर्शी नीति रखी है, जहां स्वचालित मार्ग के तहत एफडीआई के लिए अधिकतर क्षेत्र खुले हैं। सरकार ने कोयला खनन और संविदा विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में पिछले एक वर्ष से कुछ एफडीआई नीति सुधारों का दायित्व लिया है। इसके अतिरिक्त, डिजिटल मीडिया, मध्यवर्ती संस्थाओं अथवा बीमा मध्यवर्ती संस्थाओं और नागर विमानन को स्पष्ट किया गया है कि सिंगल ब्रांड रिटेल ट्रेडिंग (एसबीआरटी) में स्थानीय स्रोतों वाली धारणाएं सामान्य हुई हैं। देश में इन पहलों के परिणामस्वरूप पिछले वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान 74.39 बिलियन अमरीकी डॉलर का एफडीआई अंतर्वाह दर्ज है।

इसके अतिरिक्त, सरकार ने कृषि, नागर विमानन, कोयला, खनन, रक्षा उत्पाद अंतरिक्ष तथा परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में निजी तथा सरकारी निवेश को अगली बार सक्षम बनाने के नीतिगत सुधार सहित आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत कई उपायों की घोषणा की है। विभिन्न क्षेत्रों की लगभग 7,000 परियोजनाओं में 110 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि से राष्ट्रीय अवसंरचना पाईप लाइन के कार्यान्वयन की शुरूआत की गई है। वाणिज्यिक रूप से व्यवहार्य परियोजनाओं में अवसंरचना विकास के लिए घरेलू तथा अंतर्राष्ट्रीय दोनों स्रोतों से इक्विटी निवेश आकर्षित करने हेतु राष्ट्रीय निवेश तथा अवसंरचना निधि की स्थापित की गई है।

(ग).i. देश में प्राप्त एफडीआई इक्विटी अंतर्वाह तथा एफडीआई अंतर्वाह का विवरण निम्नानुसार है:

क्र.सं.	**वित्तीय वर्ष**	**एफडीआई इक्विटी अंतर्वाह (बिलियन अमरीकी डॉलर)**	**एफडीआई अंतर्वाह (बिलियन अमरीकी डॉलर)**
1.	2017-18	44.86	60.97
2.	2018-19	44.37	62.00
3.	2019-20	49.98	74.39

ii. पिछले तीन वर्षों के लिए कुल एफपीआई सूचना निम्नानुसार है:

राशि मिलियन अमरीकी डॉलर में

वर्ष	2017-18	2018-19	2019-20
एफपीआई	22,165	(-) 2,225	247

iii. सकल पूंजी निर्माण (जीसीएफ)

(राशि करोड़ रुपए में)

जीसीएफ	2016-17	2017-18	2018-19
जीसीएफ- वर्तमान मूल्य	44,76,754	50,50,201	58,13,396
जीसीएफ-स्थिर कीमत	39,10,207	42,76,990	47,25,381

*****